नगरीय प्रशासन निदेशालय के सहायक निदेशक ने किया हरिहरगंज नगर पंचायत का निरीक्षण

नगर विकास आवास एवं नगरीय प्रशासन निदेशक ने औचक निरीक्षण किया

दबंग हिन्द संवाददाता

प्रतिनिधि हरिहरगंज : झारखंड सरकार के नगर विकास, आवास एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय की सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी ने हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय व स्थल का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की समीक्षा की. उन्होंने शत प्रतिशत योजनाओं को धरातल पर उतारने का सख्त निर्देश दिया. नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवास यथाशीघ्र पूर्ण करवाएं. सहायक निदेशक ने स्थल निरीक्षण कर लाभुकों को निर्माण संबंधी कई दिशा निर्देश भी दिया. मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत श्रमिकों के दस्तावेजों की जांच कर मिलनेवाले लाभ के उद्देश्यों से

अवगत करा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने की अपील की गयी. दीनदयाल अंत्योदय योजना एवं शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत अधिक से अधिक स्वयंसेवी संगठनों को तैयार करने का निर्देश दिया. वही कई स्वयं सहायता समूह के महिलाओं से मिलकर कई दिशा निर्देश भी दिया. इस मौके पर स्टेट मिशन प्रबंधक अनंत देव, जियो टैग फिरोज हुसैन, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार सिंह सीसीटीसी संजय कुमार राणा सहित कई लोग मौजूद थे।

नगर विकास आवास एवं नगरीय प्रशासन निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

हरिहरगंज. बुधवार को झारखंड सरकार के नगर विकास, आवास एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय की सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी ने हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय व स्थल का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की समीक्षा की. उन्होंने शत प्रतिशत योजनाओं को धरातल पर उतारने का सख्त निर्देश दिया. नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आवास यथाशीघ्र पूर्ण करवायें. सहायक निदेशक ने स्थल निरीक्षण कर लाभुकों को निर्माण संबंधी कई दिशा निर्देश भी दिये. मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत श्रमिकों के दस्तावेजों की जांच कर मिलनेवाले लाभ के उद्देश्यों से अवगत करा अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने की अपील की गयी. दीनदयाल अंत्योदय योजना एवं शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत अधिक से अधिक स्वयंसेवी संगठनों को तैयार करने का निर्देश दिया. वहीं कई स्वयं सहायता समूह के महिलाओं से मिलकर कई दिशा निर्देश भी दिये. इस मौके पर स्टेट मिशन प्रबंधक अनंत देव, जियो टैग फिरोज हुसैन, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार सिंह सीसीटीसी संजय कुमार राणा सहित कई लोग मौजूद थे.